सुबह 8 से दोपहर 12:30 तक चलेगी राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल, जादोपुर ओवरफ्लाई के नीचे रहेगा वन-वे यातायात

भूकंप महाअभ्यास: 5 स्थलों पर एक साथ गूंजेगा सायरन

भास्कर न्यूज | गोपालगंज

आपदा से निपटने की तैयारी को परखने और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 26 फरवरी को जिले में बड़े स्तर पर भूकंप मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। यह राज्य स्तरीय अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सौजन्य से तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय में प्रदेश के 23 जिलों में एक साथ कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी पूरी कर ली है। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन, नगर परिषद, शिक्षा विभाग, एनडीआरएफ/एसडीआरएफ समेत अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बैठक कर रणनीति तय की। बैठक में कहा कि अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक भूकंप जैसी स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तत्परता, संसाधनों की उपलब्धता और विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल की जांच करना है।



बैठक करते अधिकारी

सुबह 8 बजे से बदलेगी यातायात व्यवस्था

यह महा-अभ्यास 26 फरवरी को सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। इस दौरान जादोपुर ओवरफ्लाई के नीचे यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। प्रशासन के अनुसार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक उक्त मार्ग को वन-वे रखा जाएगा, ताकि राहत एवं बचाव दलों की आवाजाही में बाधा न हो। आम नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों के उपयोग की अपील की गई है।

इन पांच प्रमुख स्थानों पर होगा अभ्यास

प्रशासन ने जिले के पांच महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थलों को मॉक ड्रिल के लिए चिन्हित किया है, वी.एम. हाई स्कूल, मॉडल अस्पताल, समाहरणालय परिसर, जादोपुर ओवरफ्लाई के नीचे (मोड़ के पास), आर्किफर्स कॉलोनी इन स्थानों पर कारगर आपदा की स्थिति बनाकर घायलों को निकालने, प्राथमिक उपचार देने, अग्निशमन, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षित स्थान पर शिफ्टिंग की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूल और अस्पताल जैसे स्थलों के चयन का उद्देश्य संवेदनशील परिसरों में आपदा प्रतिक्रिया की वास्तविक क्षमता को परखना है।

घबराएं नहीं, यह केवल अभ्यास है

आपदा प्रबंधन पदाधिकारी ने कहा कि यह एक मॉक ड्रिल यानी नकली अभ्यास है। सायरन, एंबुलेंस की आवाजाही और आपात गतिविधियों को देखकर लोग भ्रमित या भयभीत न हों। इस अभ्यास का उद्देश्य लोगों को यह सिखाना है कि भूकंप के दौरान कैसे सुरक्षित स्थान पर जाएं, झमरतीं से बाहर निकलने की सही तकनीक क्या हो और घायल व्यक्तियों की मदद कैसे की जाए। भूकंप संभावित क्षेत्र में पूर्वाभ्यास से जन-धन की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह पहल आपदा के प्रति सजग और सक्षम समाज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

गंगा किनारे एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर की उठी मांग

सिटी रिपोर्टर | गोपालगंज

बैकुंठपुर विधायक मिथिलेश तिवारी ने विधानसभा में गंगा नदी के समानांतर एक विस्तृत एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के निर्माण की मांग जोरदार ढंग से उठाई। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि कोईलवर से बक्सर तथा सोनपुर से डुमरिया होते हुए वाल्मीकिनगर तक "गंगा एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर" विकसित किया जाए।

विधायक ने सदन में कहा कि जिस प्रकार राजधानी क्षेत्र में गंगा पथवे के निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है, उसी तर्ज पर लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे बनने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने तर्क दिया कि यह परियोजना न केवल यातायात का दबाव कम करेगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और कृषि परिवहन को भी नई दिशा देगी।

सीमावर्ती क्षेत्रों, विशेषकर वाल्मीकिनगर जैसे पर्यटन स्थलों तक बेहतर कनेक्टिविटी से राज्य के राजस्व में वृद्धि की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावित कॉरिडोर औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने में सहायक होगा तथा क्षेत्रीय संतुलित विकास को गति देगा। बड़े पैमाने पर सड़क अवसंरचना विकसित होने से रोजगार के अवसर सृजित होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार के पथ निर्माण मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करेगी और तकनीकी व वित्तीय व्यवहार्यता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के आश्वासन के बाद सदन में इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह महत्वाकांक्षी परियोजना धरातल पर उतरती है तो बिहार के बुनियादी ढांचे के विकास में यह एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकती है।

न्यूज ब्रीफ

मारपीट मे युवक घायल

भास्कर न्यूज | सिसवन सिसवन थाना क्षेत्र के गंगपुर में बुधवार को आपसी रंजिश में मारपीट हो गई जिसमें एक युवक घायल हो गया जिसकी पहचान स्थानीय निवासी सूदन बिन का पुत्र योगेंद्र कुमार बिन के रूप मे हुई।घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया पीड़ित ने मारपीट की सूचना थाने को दी है।

बिजली चोरी में पांच पर केस

थावे|बिजली विभाग ने चोरी से बिजली जलाने वाले पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही सभी पर जुर्माना लगाया गया है। जिसमें फूलगामी के मिंटू महतो पर 6,524 रूपये, नारायणपुर के मोहमद मेराज अहमद पर 5,302 रूपये, मोहमद खुर्शिद आलम पर 11,055 रूपये और मोहमद जुलफेकार अली पर 9,796 रूपये एवं गवंदरी अवधिया टोला वार्ड दो के मोहमद सेराज अहमद अंसारी पर 18,372 रूपये राजस्व क्षति को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जमीन विवाद में मारपीट, दस पर केस

विजयीपुर| जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना विजयीपुर थाना क्षेत्र के चाट बंधौरा गांव की है।एक पक्ष से मां,बेटा और बेटी जख्मी हुए है।

सभी घायलों का इलाज स्थानीय सीएचसी अस्पताल में चल रहा है। घायल महिला गायत्री देवी ने अपने ही पट्टीदार अवधेश ठाकुर, दीपक ठाकुर, खुशी ठाकुर,मीरा देवी, उमेश राम, अमित राम,अमीर,जोखू ठाकुर,प्रभु ठाकुर तथा माया ठाकुर सहित दस महिला पुरूष सदस्यों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। घायल महिला ने बताया है कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी कि उसी समय नामजद लोग आए और गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर छुड़ाने आए बेटे विकास कुमार तथा बेटी नेहा कुमारी को मारपीट कर घायल कर दिया।

रंग और सुरों की बौछार, 2 मार्च को होगा भाजपा का होली महोत्सव

भोजपुरी के कई स्टार देंगे प्रस्तुति, तैयारियां शुरू

सिटी रिपोर्टर | गोपालगंज

प्रखंड कार्यालय के बैकुंठपुर समीप आगामी 2 मार्च को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। स्थानीय विधायक मिथिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव को यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें। महोत्सव में भोजपुरी जगत के लोकप्रिय गायक सह नायक राकेश मिश्रा अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ चर्चित कलाकार खुशी कक्कड़ और आलोक राज भी मंच साझा करेंगे। इसके अलावा कई अन्य जाने-माने कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है, जो अपने होली गीतों से समां बांधेंगे। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण, समाजसेवी और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजकों का दावा है कि रंगों के इस उत्सव में संगीत और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

छापेमारी में तीन गिरफ्तार

बैकुंठपुर| थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। मंगलवार की रात मंगछ राय के टोला गांव में की गई कार्रवाई के दौरान उत्पाद अधिनियम के एक मामले में संजीत नट को गिरफ्तार किया गया। वहीं धर्मबारी गांव में मारपीट मामले के आरोपित चंदन कुमार को पकड़ा गया। इसके अलावा जगदीशपुर गांव में छापेमारी अभियान चलाकर मंजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपितों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए गोपालगंज जेल भेज दिया गया। निष्पादन और फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

40 साल की सेवा के बाद रेलकर्मी को दी गई विदाई

सिटी रिपोर्टर|गोपालगंज



छपरा-थावे रेलखंड के दिघवा दुबौली स्टेशन पर बुधवार को एक भावपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान चतुर्थ वर्गीय सेवानिवृत्त कर्मचारी राजेश्वर राय को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्टेशन अधीक्षक शंभू प्रसाद यादव ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में राजेश्वर राय के 40 वर्ष 5 माह के दीर्घ सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विभिन्न स्टेशनों पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्य व्यवहार, अनुशासन और समर्पण को सभी के लिए प्रेरणादायी बताया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, स्टेशन मास्टर नितिन कुमार, आशीष कुमार सिंह, पंकज कुमार, सर्वेश्वर तिवारी, उपेंद्र राम, रंजीत कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, मिथिलेश कुमार, विनय कुमार पांडेय, जयमंगल सिंह तथा सोम्कांत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन शुभकामनाओं और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की प्रार्थना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

होली पर हुड़दंगियों को चेतावनी, जिले में 1600 पुलिस बल तैनात

भास्कर न्यूज़|गोपालगंज



रंगों के त्योहार होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। इस बार होली के दौरान जिले भर में 1600 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चौक-चौराहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने तैयार सुरक्षा ब्लूप्रिंट के तहत संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। इन इलाकों में पुलिस की अतिरिक्त गश्ती टीमों को लगाया जाएगा, जो 24 घंटे स्थिति पर नजर रखेंगी। साथ ही, बाइक स्क्वॉड और मोबाइल पेट्रोलिंग टीम भी लगातार भ्रमण करती रहेगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा सके। होली के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए प्रशासन सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखेगा।

साइबर सेल की टीम आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक संदेश या भड़काऊ सामग्री फैलाने वालों पर नजर बनाए रखेगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। ये जवान आम नागरिकों के बीच रहकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। वहीं, शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों, रेलवे स्टेशनों और प्रमुख सड़कों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। एसपी ने कहा कि होली के दौरान जबरन रंग लगाने, हुड़दंग, नशे में उत्पात मचाने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी में 5 लाख की शराब जब्त, तस्कर फरार

गोपालगंज| जादोपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर रामपुर टेंगराही गंडक नदी के किनारे दियारा से 5 बाइक और भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। वहीं पुलिस टीम के पहुंचने से पहले तस्कर फरार होने में सफल रहे। थानाध्यक्ष अनिल कुमार राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली दियारा क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब उतर रहे है पुलिस टीम के द्वारा रामपुर टेंगराही गंडक के पास छापेमारी की गई तो पांच बाइक पर बोरा में बंधे देशी शराब 467 लीटर एवं विदेशी शराब 3 लीटर कुल 470 लीटर शराब बरामद किया गया है।

छात्रों ने पूछा - पुलिस कैसे कार्य करती है जनता के प्रति उनकी क्या जवाबदेही है

गोपालगंज | नगर थाना में बिहार विकास विद्यालय के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर थाने की दारोगा राखी कुमारी ने छात्रों को थाने की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। दारोगा ने बच्चों को समझाया कि थाने में आने से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पुलिस जनता की सेवा के लिए कार्य करती है। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराधियों को पकड़ने के तरीके, अपराध की रोकथाम तथा ट्रैफिक नियमों के पालन के महत्व को सरल भाषा में समझाया। बच्चों ने उत्सुकता के साथ सवाल-जवाब किए।जिसमें पूछा गया कि पुलिस कैसे कार्य करती है।उनकी जनता के प्रति क्या जवाबदेही है।विद्यालय के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उनके स्कूल के लगभग 40 छात्र इस भ्रमण में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाते हैं। धनंजय एवं आर्यन पांडेय भी उपस्थित रहेाक्ष शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

दिघवा दुबौली को नहीं मिला नगर पंचायत का दर्जा

सिटी रिपोर्टर| गोपालगंज

चार जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाला और पूर्वांचल के सबसे बड़े बाजारों में शुमार दिघवा दुबौली आज भी नगर पंचायत का दर्जा पाने की राह देख रहा है। लगभग 35 हजार से अधिक आबादी और हजारों दुकानों की चहल-पहल के बावजूद यहां शहरी सुविधाओं का अभाव साफ दिखाई देता है। बाजार का लगातार विस्तार हुआ। कारोबार बढ़ा, लेकिन आधारभूत संरचनाएं उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सकीं। परिणामस्वरूप स्थानीय दुकानदारों और निवासियों को रोजाना जाम, गंदगी और अव्यवस्था से जूझना पड़ता है। दिघवा दुबौली बाजार स्टेशन रोड, डाक बंगला रोड, खादी भंडार रोड, सब्जी मंडी रोड, थाना रोड और ब्लॉक रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर फैला है। इन सड़कों पर दो हजार से अधिक छोटे-बड़े प्रतिष्ठान संचालित हैं। सीमावर्ती सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण और मुजफ्फरपुर जिलों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए यहां पहुंचते हैं। सुबह नौ बजे के बाद सड़कों पर जाम लगना आम बात है, जो देर शाम तक बना रहता है। यातायात की अव्यवस्था से व्यापार और आम जीवन दोनों प्रभावित होते हैं।\n\nअतिक्रमण और कूड़ा-कचरे की समस्या भी\n\nबाजार में अतिक्रमण और कूड़ा-कचरे की समस्या भी गंभीर रूप ले चुकी है। नियमित सफाई व्यवस्था के अभाव में सड़कों पर गंदगी पैली रहती है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात के दिनों में स्थिति और बदतर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसे नगर पंचायत का दर्जा मिल जाए तो निर्योजित विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।\n\nव्यवसायियों के अनुसार नगर पंचायत बनने के बाद वार्डों का गठन होगा, जिससे प्रति एक हजार आबादी पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। गली-गली में पीसीसी सड़कों का निर्माण, नियमित सफाई, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण और अलग बिजली फीडर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। दुकानदार अशोक साह का कहना है कि अलग विद्युत फीडर बनने से निर्बाध बिजली आपूर्ति संभव होगी। शिक्षक मुन्ना प्रसाद का मानना है कि नगर पंचायत बनने से बाजार का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। व्यवसायी राजेश कुमार गुप्ता और निवासी मुकेश कुमार भी इसे समय की मांग बताते हैं।\n\nसाल 2018 में तैयार हुआ था प्रस्ताव\n\nवर्ष 2018 में तैयार हुआ था प्रस्ताव\n\nवर्ष 2018 में तत्कालीन बीडीओ अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा नगर पंचायत गठन के लिए सर्वे कर प्रस्ताव तैयार किया गया था, किंतु आगे की प्रक्रिया ठप पड़ गई। वर्तमान बीडीओ नंदकिशोर साह ने बताया कि पूर्व में फाइल तैयार हुई थी।

गोदाम में राशन चोरी का मामला सदन में गूंजा

सिटी रिपोर्टर| गोपालगंज

विधायक मिथिलेश तिवारी ने राज्य के बैकुंठपुर एसएफसी गोदाम में राशन चोरी के मुद्दे को बिहार विधानसभा में उठाया। उन्होंने गोदाम से ट्रक पर लोड राशन के बोरे फाड़कर अनाज चोरी किए जाने की घटना को गंभीर बताया। विगत दिनों इस घटना का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें गोदाम परिसर से राशन की चोरी का दृश्य सामने आया। वीडियो के सार्वजनिक होते ही स्थानीय स्तर पर हड़कंप मच गया और जनवितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे। गरीबों को मिलने वाले अनाज की सुरक्षा को लेकर आम लोगों में आक्रोश देखा गया।गुप्तकाल के दौरान विधायक ने कहा कि यदि गरीबों के हक का राशन गोदाम से ही चोरी हो रहा है, तो यह अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मिलीभगत के इस तरह की घटना संभव नहीं है। इसलिए गोदाम संचालक सहित संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

आपसी विवाद में मारपीट, छह घायल

बैकुंठपुर| विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में छह लोग घायल हो गए। चमनपुरा गांव में हुए विवाद में नागेश्वर सिंह, पार्वती देवी और सूरेश कुमार सिंह घायल हुए। सिरसा गांव में रामू सिंह को मारपीट में चोटें आईं। धर्मबारी गांव में राजेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दिघवा दुबौली में संजय यादव जख्मी हुए। सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने संबंधित मामलों में आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

सदर विधायक के प्रश्न पर सरकार की घोषणा, मनरेगा से जलवाहों के जीर्णोद्धार का भी निर्णय

नहर पटरियों का होगा पक्कीकरण

सिटी रिपोर्टर| गोपालगंज

सदर विधायक सुभाष सिंह द्वारा विधानसभा में उठाए गए तारांकित प्रश्न के बाद क्षेत्र की जर्जर नहर पटरियों के पक्कीकरण और जल निकासी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण घोषणा की है।

विधायक ने सारण मुख्य नहर के कबिलासपुर से पिठौरी, भुसांव, सिहोरवा होते हुए सिवान जाने वाली वितरणी की पटरी पर पक्की सड़क निर्माण की मांग की थी। साथ ही ग्राम पिठौरी से रामचंद्रपुर होते हुए गोवंदरी तक जाने वाली शाखा नहर की पटरी को भी पक्की सड़क में तब्दील करने का आग्रह किया था। सरकार की ओर से सदन को अवगत कराया गया कि कबिलासपुर--पिठौरी--सिव ान वितरणी के सेवा पथ की कुल लंबाई 20.88 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त पिठौरी --सिवान वितरणी के किलोमीटर 4.26 से निकलने वाली नारायणपुर उप-वितरणी से संबंधित 4.27 किलोमीटर सेवा पथ भी आमजन के उपयोग में है। इन सेवा पथों का उपयोग माझा, थावे तथा बड़हरिया प्रखंड के लोग वर्षों से सड़क के रूप में कर रहे हैं।

मिलेगी नई रफ्तार



सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी

सरकार ने बताया कि नहर पटरियों के शेष बचे हिस्सों का कालिकरण कार्य अगले वर्ष पूरा कर लिया जाएगा, जिससे आवागमन और अधिक सुगम होगा। विधायक ने सारण नहर प्रमंडल सिवान अंतर्गत पिठौरी--सिवान नहर के चौरास माइनर से निकलने वाली हरदिया जलवाहा वितरणी के जीर्णोद्धार और पक्कीकरण की मांग भी प्रमुखता से उठाई। इस पर सरकार ने जवाब दिया कि हरदिया जलवाहा सहित क्षेत्र के अन्य जलवाहों का निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया जाएगा और शीघ्र ही इस दिशा में कार्य प्रारंभ होगा।विधायक सुभाष सिंह ने कहा कि नहर पटरियों के पक्कीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की समस्या दूर होगी तथा व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी। वहीं जलवाहों के पुनरुद्धार से सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय, पटेल चौक- सीवान-841226

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से ऋणी(कों) और जमानतदार(कों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी /प्रभारित है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसे ऋणी/ऋणदाताओं एवं जमानतदारों से सुरक्षित ऋणदाताओं को बकाया राशि की वसूली के लिए दिनांक 17.03.2026 को 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' एवं 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। संबंधित संपत्तियों के विवरण के सामने आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि (ईएमडी) प्रदर्शित की गई है।

क्र. सं.	शाखा	उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	दिनांक 25.02.2026 तक बकाया एवं वसूली योग्य राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि
1.	जगदीशपुर	श्री नंदकिशोर तिवारी पिता स्वर्गीय रामनरेश तिवारी एवं रानम कुमार तिवारी पिता नंदकिशोर तिवारी निवासी- जगदीशपुर, पोस्ट-जगदीशपुर, थाना बिजरपुर, जिला- गोपालगंज	1325004.72 (रुपये तेरह लाख पच्चीस हजार चार एवं बहत्तर पैसे मात्र) + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	रु. 1395544 + (रुपये तेरह लाख पंचानवे हजार पांच सौ चौवालीस मात्र) + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क।	नंद किशोर तिवारी के नाम पर जगदीशपुर में स्थित भूमि एवं भवन जिसका विक्रय विलेख संख्या 4177 दिनांक 15.10.2018, तौजी संख्या 3296, थाना संख्या 13, खाता संख्या 106, सर्वेक्षण संख्या 324, क्षेत्रफल 1 कट्ठा चौहद्दी-उत्तर-बभू गोर, दक्षिण-विजय प्रताप सिंह, पूर्व-सड़क, पश्चिम-विजय प्रताप सिंह	रु. 935500/- रु. 93550/- रु.10000/-
2.	खजुराहा	मेसर्स भोरे सर्विस स्टेशन प्रोप- स्वर्गीय नंदलाल राम पिता- सर्वजीत राम के सभी कानूनी उत्तराधिकारी ग्राम-चक्रवाखास, पोस्ट- भोरे थाना- भोरे, जिला- गोपालगंज गारंटर- स्वर्गीय जनार्दन प्रसाद सिंह पिता- चंदबली सिंह के सभी कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से, ग्राम+पोस्ट+थाना-भोरे, जिला- गोपालगंज	रु 6284893/- (रुपये बासठ लाख चौरासी हजार आठ सौ तिरानवे मात्र) + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	रु 7596910/- (रुपये पचहत्तर लाख छियानवे हजार नौ सौ दस मात्र) + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य कानूनी शुल्क	संपत्ति (भूमि) श्री नंदलाल राम पिता- सर्वजीत राम के नाम पर बिक्री विलेख संख्या- 15235 दिनांक 03.12.1985 स्थित- मौजा-चक्रवाखास, पोस्ट-भोरे, थाना-भोरे, जिला-गोपालगंज, तौजी संख्या- 3296, थाना संख्या-230, खाता संख्या-11,सर्वेक्षण संख्या-1708, क्षेत्रफल-10 कट्ठा 17 धुर चौहद्दी- उत्तर:-सरोज देवी, दक्षिण- शीला देवी, पूर्व-सड़क, पश्चिम- शीला देवी	रु. 1,43,94,850/- रु. 14,39,485/- रु. 1,00,000.00

सुरक्षित ऋणदाता को ज्ञात भार-शून्य

निरीक्षण की तिथि एवं समय	बोली राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	ई-नीलामी तिथि एवं समय
दिनांक 13.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे तक	दिनांक 16.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से शाम 3.00 बजे तक	दिनांक 17.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

इसे उक्त ऋण के उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को उपरोक्त तिथि को ई-नीलामी आयोजित करने के संबंध में सूरक्षा (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) / नियम 9(1) के तहत दी गई सूचना भी माना जा सकता है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट www.banknet.com पर जाएं।

SARFAESI अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

ऋणकर्ता/गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित संपत्तियों की नीलामी की जाएगी एवंबिक्री से प्राप्त राशि के विनियोजन के बाद, यदि कोई शेष राशि बचती है तो यह ब्याज एवं लागत सहित आपसे वसूल की जाएगी।

दिनांक - 25.02.2026
स्थान-सीवान

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया